3/

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–5/778/2016/10–11/916 भोपाल, दिनांक 05/05/17

प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः–** **कटनी जिले में कटनी–उमरिया–शहडोल–अनूपपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–78 को दो लेन को चौड़ीकरण हेतु 6.900 हेक्टेयर वन भूमि एवं 1.150 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि कुल 8.050 हेक्टेयर वन भूमि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम जबलपुर को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्र0/6-MPC 013/2016-BHO/1192 दिनांक 23.12.2016

----0----

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सशर्त सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई थी। आपके द्वारा स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्त क्रमांक 3(b & c), 4, 5 एवं 6 का पालन प्रतिवेदन चाहा गया है, जो कि निम्नानुसार है:–

1. शर्त क्रमांक 3(b & c) के पालन में प्रकरण में व्यपवर्तित होने वाली वन भूमि 8.050 हेक्टेयर वनभूमि के बदले जिला आगर–मालवा की तहसील बड़ौद के ग्राम रापड़ी में 8.050 हेक्टेयर गैर वन भूमि वन विभाग को हस्तांतरित/नामांतरित की जा चुकी है। कलेक्टर, आगर–मालवा का आदेश/कब्जा रसीद/खसरा आदि की छायाप्रति संलग्न है। वर्तमान में उक्त गैर वन भूमि वन विभाग के अधिपत्य में है। उपरोक्त प्रस्तावित गैर वन भूमि अतिक्रमणमुक्त है एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है, के सम्बन्ध में वन मंडलाधिकारी शाजापुर का प्रमाण–पत्र संलग्न है।

2. शर्त क्रमांक 4 के पालन में प्रकरण में वर्तमान मजदूरी दर पर गैर वन भूमि पर तैयार 10 वर्षीय (2016–17 से 2025–26 तक) वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की लागत राशि आवेदक संस्थान द्वारा रूपये 88,36,729/– कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में जमा की जा चुकी है। जिसका यू0टी0आर0 नम्बर P17010789523688 दिनांक 05.01.2017 है।

3. शर्त क्रमांक 5 के पालन में नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि आवेदक संस्था द्वारा रु.64,64,150/– कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में जमा की जा चुकी है। जिसका यू0टी0आर0 नम्बर P17010688740267 दिनांक 05.01.2017 है।

–2–



Scanned by CamScanner

4. शर्त क्रमांक 5(व) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा वचनपत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

5. शर्त क्रमांक 6 के पालन में प्रकरण में प्राप्त वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि एवं नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि एड–हॉक कैम्पा के अन्तर्गत कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में आवेदक संस्थान द्वारा जमा की जा चुकी है। जिसका विवरण उपरोक्त शर्तों में उल्लेखित है। कृपया उपरोक्त जमा की गई समस्त राशि की पुष्टि करने का कष्ट करें।

उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त शेष समस्त शर्तों के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा वचन–पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन पूर्ण हो गया है। कृपया विषयांतर्गत प्रकरण की अंतिम औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

04/04/17

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 778 / 2016 / 10–11 / 917 भोपाल, दिनांक 04/04/17

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वनसंरक्षक, जबलपुर / उज्जैन, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य) वन मण्डल, कटनी / शाजापुर, मध्यप्रदेश।
3. परियोजना प्रबंधक, मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जबलपुर।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

04/04/17

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल



Scanned by CamScanner

**Proforma For Submission of Details Pertaining to Transfer of Funds Received From the User Agency in Ad-hoc CAMPA**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Regional Office | Bhopal |
| 2 | State/Distt/Forest Division to which the proposal relates | M.P./ Katni/Katni (T) |
| 3 | Name of User Agency, nature of proposal | The Project Manager, M.P.R.D.C., Jabalpur MP. |
| 4 | Extent of forest area involved | 8.050 hac. |
| 5 | Whether original or extension | Original |
| 6 | If extension of lease, pl clarify if proposal involves additional forest area. | Fresh approval |
| 7 | Date of I[st] stage clearance | 23-12-2016 |
| 8 | Extent of CAMPA charges, head wise viz,:<br>a) Compensatory Afforestation:<br>b) Additional CA<br>c) Penal CA<br>d) Catchment Area Treatment<br>e) Wildlife Management Plan<br>f) Additional Charges for diversion of area falling under notified/protected areas<br>g) Net Present Value<br>h) Any Other Charges Survey, Demarcation and Boundary Pillars | a) 88,36,729/-<br>b) N/A<br>c) N/A<br>d) N/A<br>e) N/A<br>f) N/A<br>g) 64,64,150/- |
| 9 | Details of Bank (Bank Draft No., Date & Amount), head-wise against items indicated in paragraph 8 above | <table><tr><th>SN</th><th>Details of Bank Draft & Date</th><th>Head</th><th>Amount</th></tr><tr><td colspan="4">NIL</td></tr></table> |



C:\Year 2017\F-5\GOI.doc

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 10 | Whether deposited by RTGS if so, the particulars & date of remittance | see table below |
| 11 | Bank (Corporation Bank, Lodhi Complex/ Union Bank of India, Sunder Nagar) in which deposited with date of deposition | see table below |
| 12 | Any other remarks | — |

Item 10:

| SN | Head | Amount | UTR No. | Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | C.A. | 88,36,729 | P17010789523688 | 05-01-2017 |
| 2 | N.P.V. | 64,64,150 | P17010688740267 | 05-01-2017 |
| | **Total** | **1,53,00,879** | | |

Item 11:

| SN | Amount | Name of Bank | Transfer Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 88,36,729 | Corporation Bank New Delhi | 05-01-2017 |
| 2 | 64,64,150 | | |

04/04/17

**(Sunil Agrawal)**
**APCCF (Land Management)**
**Madhya Pradesh, Bhopal**

C:\Year 2017\F-5\GOI.doc

Scanned by CamScanner